# भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर सहमति बढ़ी

## नई दिल्ली में 2 जून से शुरू हुई वार्ता 4 जून तक जारी रहेगी

**नई दिल्ली, 2 जून.** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि दोनों देशों ने समझौते

**मार्केट एक्सेस और निवेश बढ़ाने पर विशेष जोर**

के पहले चरण के अधिकांश प्रमुख बिंदुओं को अंतिम रूप दे दिया है। अब वार्ता का केंद्र समझौते के कानूनी मसौदे को तैयार करना और शेष मुद्दों पर सहमति बनाना है।

नई दिल्ली में 2 से 4 जून तक चल रही वार्ता में भारत की ओर से वाणिज्य विभाग के अपर सचिव दर्पण जैन मुख्य वार्ताकार की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व ब्रेंडन लिंच कर रहे हैं। दोनों पक्ष अंतरिम व्यापार समझौते के अंतिम स्वरूप पर गहन चर्चा कर रहे हैं।

प्रस्तावित समझौते के तहत बाजार पहुंच (मार्केट एक्सेस), गैर-टैरिफ बाधाओं को कम करना, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं को सरल बनाना, व्यापार सुगमता बढ़ाना और निवेश प्रोत्साहन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर सहमति बनाने का प्रयास किया जा रहा है। दोनों देश इन विषयों को बड़े और व्यापक बीटीए के हिस्से के रूप में आगे बढ़ाना चाहते हैं।

> यह समझौता दोनों देशों के व्यापारिक संबंधों को नई ऊंचाई दे सकता है। अमेरिका वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा है। ऐसे में यह समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए नए अवसर खोलने के साथ निवेश और आर्थिक सहयोग को भी मजबूती देगा। वार्ता के सफल निष्कर्ष पर पहुंचने की स्थिति में भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक संबंध और अधिक मजबूत होंगे, जिससे दोनों देशों के उद्योगों, निवेशकों और कारोबारियों को दीर्घकालिक लाभ मिलने की संभावना है। ट्रेड डील पर सहमति बढ़ी

# डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ राहत, भारत को अवसर

## भारत के कृषि और विनिर्माण क्षेत्र को मिल सकता है अप्रत्यक्ष फायदा

**नई दिल्ली, 2 जून अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कृषि और औद्योगिक उपकरणों पर आयात शुल्क में बड़ी कटौती का ऐलान किया है। ट्रंप प्रशासन ने कंबाइन हार्वेस्टर, बुलडोजर, फोर्कलिफ्ट और**

**कृषि और औद्योगिक उपकरणों पर टैरिफ 15%**

**अमेरिकी स्टील-एल्युमीनियम इस्तेमाल करने पर 10%**

**अन्य औद्योगिक मशीनरी पर टैरिफ 25 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया है।**

यह व्यवस्था दिसंबर 2027 तक लागू रहेगी। व्हाइट हाउस का

कहना है कि इस कदम का उद्देश्य अमेरिकी किसानों और उद्योगों की लागत कम करना तथा घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना है। इस फैसले का असर भारत सहित कई व्यापारिक साझेदार देशों पर भी पड़ सकता है। नई नीति के तहत उन विदेशी निर्माताओं को अतिरिक्त रियायत मिलेगी जो अपने उपकरणों में वजन के हिसाब से कम से कम 85 प्रतिशत अमेरिकी स्टील या एल्युमीनियम का उपयोग करेंगे। ऐसे उत्पादों पर आयात शुल्क घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया जाएगा। हालांकि इसके लिए स्टील और एल्युमीनियम का उत्पादन और प्रसंस्करण अमेरिका में ही होना आवश्यक होगा।

टैरिफ में कमी से अमेरिकी बाजार में कृषि और औद्योगिक उपकरणों की कीमतें कम हो सकती हैं। इसका अप्रत्यक्ष लाभ भारतीय खरीदारों को भी मिल सकता है, जो आधुनिक मशीनरी और तकनीक आयात करते हैं।

> यह फैसला ऐसे समय आया है जब भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया जारी है। दोनों देश बाजार पहुंच, सीमा शुल्क, गैर-टैरिफ बाधाओं और निवेश प्रोत्साहन जैसे मुद्दों पर बातचीत कर रहे हैं। ऐसे में टैरिफ कटौती को व्यापारिक सहयोग बढ़ाने की दिशा में एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

**शेयर बाजार में तेजी**

# आईटी शेयर चमके

**मुंबई, 02 जून स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को भारी उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों को निवेशकों के समर्थन से प्रमुख सूचकांक में तेजी दर्ज की गयी।**

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 382.50 अंक (0.52 प्रतिशत) चढ़ कर 74,649.84 पर और एनएसई निफ्टी-50 100.95 अंक (0.43 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 23,483.55 पर रहा।

बीएसई का 30 सेंसेक्स सुबह बड़ी गिरावट के साथ 73,945.20 पर खुला और कारोबार के दौरान ऊपर में 74,862.19 तथा नीचे में 73,815.12 तक गिरने के बाद अंत में 74,649.84 पर बंद हुआ। जबकि कल सेंसेक्स 74,267.34 पर बंद हुआ था।

सेंसेक्स के 30 में से 20 शेयर लाभ में और दस गिरावट में बंद हुये। लाभ में रहे प्रमुख शेयरों में आईटी कंपनी टीसीएस 6.53 प्रतिशत , इन्फोसिस 5.66 प्रतिशत, एचसीएल टेक 4.08 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 1.75 प्रतिशत और अडानी पोर्ट का शेयर 1.75 प्रतिशत लाभ में रहा।

# चीन के नए टेक कानून से बढ़ी चिंता

## विदेशी अधिग्रहण और टेक डील्स में सरकार का हस्तक्षेप बढ़ेगा

**नई दिल्ली, 2 जून।** चीन ने अपनी तकनीकी बढ़त और रणनीतिक संसाधनों की सुरक्षा के लिए नया कानून लागू करने का फैसला किया है, जिसके तहत देश की कंपनियों, तकनीक, डेटा और विशेषज्ञों के विदेश जाने पर सख्त नियंत्रण रहेगा।

चीन की कैबिनेट द्वारा मंजूर

**1 जुलाई से लागू होंगे कड़े नियम**

किए गए ये नियम 1 जुलाई 2026 से प्रभावी होंगे। माना जा रहा है कि इस कदम का असर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के साथ-साथ भारत के तेजी से बढ़ते इलेक्ट्रॉनिक्स, स्मार्टफोन और ऑटोमोबाइल कंपोनेंट निर्माण




क्षेत्र पर भी पड़ सकता है नए नियमों के अनुसार कोई भी चीनी कंपनी बिना सरकारी अनुमति के उन्नत तकनीक, संवेदनशील डेटा या विशेषज्ञों को विदेशी परियोजनाओं के लिए उपलब्ध नहीं करा सकेगी। विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, उन्नत विनिर्माण और डिजिटल प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सरकार की निगरानी और मंजूरी अनिवार्य होगी।

> चीन ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब अमेरिका और पश्चिमी देशों के साथ तकनीकी प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है। बीजिंग का मानना है कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक हितों की रक्षा के लिए तकनीकी ज्ञान और प्रतिभा के अनियंत्रित प्रवाह को रोकना आवश्यक है।

## समुद्री खाद्य निर्यात 2025-26 में 8 .46 अरब डॉलर

**नयी दिल्ली, 2 जून.** अमेरिकी बाजार में गिरावट के बावजूद देश से समुद्री उत्पादों का निर्यात वर्ष 2025-26 में 19,72,018 टन रहा जिसकी जिसकी कुल कीमत 73,890.46 करोड़ रुपये ( 8.46 अरब अमेरिकी डॉलर) रही तथा मात्रा और मूल्य दोनों के लिहाज से अब तक का एक कीर्तिमान है। वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत कार्यकरने वाली एजेंसी समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पी. जवाहर ने सोमवार को यह जानकारी दी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार वर्ष के दौरान अमेरिका और चीन भारत के समुद्री उत्पादों के प्रमुख बाजार रहे तथा फ्रोजन झींगा सबसे बड़ा समुद्रीय खाद्य निर्यात उत्पाद रहा।

# मेरिट्रोनिक्स आईपीओ पर निवेशकों की भारी भीड़

**नई दिल्ली, 2 जून।** डिफेंस, एयरोस्पेस और टेलीकॉम सेक्टर के लिए इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम बनाने वाली मेरिट्रोनिक्स लिमिटेड का आईपीओ निवेशकों के बीच जबरदस्त आकर्षण का केंद्र बन गया है।

इश्यू खुलने के दूसरे दिन ही कंपनी के शेयरों को खरीदने के लिए निवेशकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और दोपहर तक यह आईपीओ कुल 44.12 गुना सब्सक्राइब हो गया। मजबूत सब्सक्रिप्शन और ऊंचे ग्रे मार्केट प्रीमियम ने इस एसएमई इश्यू को बाजार की चर्चित पेशकशों में शामिल कर दिया है। करीब 70.03 करोड़ रुपये के इस बुक-बिल्डिंग इश्यू में कंपनी 47 लाख नए शेयर जारी कर रही है। निवेशक 3 जून तक इस आईपीओ में आवेदन कर सकते हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार गैर-संस्थागत निवेशकों ने सबसे अधिक रुचि

**दूसरे दिन ही 44 गुना सब्सक्राइब हुआ इश्यू**

**ग्रे मार्केट में 60% प्रीमियम का संकेत**

दिखाई है, जहां उनका कोटा 63.07 गुना भरा गया। वहीं रिटेल निवेशकों का हिस्सा 60.55 गुना और क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स श्रेणी 1.05 गुना सब्सक्राइब हुई है।

# मदर डेयरी लाई ईको-फ्रेंडली मिल्क पाउच

## एक बार इस्तेमाल के बाद मिट्टी में धीरे-धीरे गल-पच जाएगा

**नयी दिल्ली, 02 जून दूध एवं दुग्ध उत्पादों के विकास की प्रमुख संस्था एवं राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी मदर डेयरी ने पहली बार पैकिंग के लिए एक ऐसा मिल्क पाउच प्रस्तुत किया है जो एक बार इस्तेमाल के बाद मिट्टी में मिल कर धीरे धीरे गल-पच जाएगा।**

एनडीडीबी के अध्यक्ष डॉ मीनेश शाह ने मंगलवार को यहां कहा कि पर्यावरण और पारिस्थितिकी को ध्यान में रखते मदर डेयरी ने जैविक तरीके से गल-पच कर मिट्टी बन जाने वाले विशेष डीग्रेडेबल उत्पाद से तैयार पाउच का उपयोग करने का फैसला किया है। इसे मदर डेयरी के लोकप्रिय गाय के दूध की पैकिंग में इस्तेमाल किया जाएगा और इसकी शुरुआत विश्व पर्यावरण दिवस पर पांच जून को की जाएगी। इस डिग्रेडेबल पैकेजिंग में ऐसे उत्पाद का इस्तेमाल किया गया है जो दूध की थैली को बायोअवेलेबल-वैक्स (जैविक मोम) में बदलने में सहायक बनाती है। उस बायोअवेलेबल वैसक्स को मिट्टी में मौजूद माइक्रोब्स सूक्ष्म टुकड़ों में विभाजित करके प्राकृतिक तत्वों में बदल देते हैं।

## सोना 983 महंगा, चांदी 5,233 उछली

**नई दिल्ली,2 जून।** पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव का असर सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों पर देखने को मिला। ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव तथा होर्मुज स्ट्रेट को बंद करने की चेतावनी के बाद निवेशकों ने सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख किया, जिससे दोनों कीमती धातुओं में जोरदार तेजी दर्ज की गई। एमसीएक्स पर अगस्त डिलीवरी वाला सोना 983 रुपये की बढ़त के साथ 1,60,224 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करता दिखा।

# यूपीआई ने रचा डिजिटल भुगतान में इतिहास

## मई 2026 में 23 .2 अरब लेन-देन के साथ यूपीआई ने बनाया नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, 2 जून** भारत की डिजिटल भुगतान क्रांति को नई ऊंचाई देते हुए यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ने मई 2026 में एक और ऐतिहासिक रिकॉर्ड कायम किया है।

**29.9 लाख करोड़ रुपए का हुआ कारोबार**

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, मई महीने में यूपीआई

के माध्यम से 23.2 अरब से अधिक डिजिटल लेनदेन दर्ज किए गए। इन ट्रांजैक्शनों का कुल मूल्य 29.9 लाख करोड़ रुपये रहा, जो देश में डिजिटल भुगतान के तेजी से बढ़ते दायरे और उपभोक्ताओं के भरोसे को दर्शाता है।

**आम लोगों के दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बना**

एनपीसीआई के आंकड़ों के मुताबिक, मई 2026 के दौरान यूपीआई ने कुल 23,201.93 मिलियन लेनदेन संसाधित किए। औसतन प्रतिदिन 73.78 करोड़ ट्रांजैक्शन हुए, जबकि दैनिक भुगतान का औसत मूल्य 84,423 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। यह उपलब्धि दर्शाती है कि यूपीआई अब केवल एक भुगतान माध्यम नहीं, बल्कि देश की आर्थिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण आधार बन चुका है। खुदरा खरीदारी, व्यापारी भुगतान और व्यक्ति-से-व्यक्ति (पी2पी) लेनदेन में यूपीआई का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े कारोबारी प्रतिष्ठानों तक, डिजिटल भुगतान के लिए यूपीआई पहली पसंद बन गया है। इसकी आसान प्रक्रिया, त्वरित भुगतान सुविधा और व्यापक स्वीकार्यता ने इसे आम लोगों के दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बना दिया है।

**समाचार विशेष**

# भाजपा बदल सकती है सभी क्षेत्रीय अध्यक्ष!

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश में जल्द ही भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पूरी तरह बदलने वाली है. बीजेपी की यूपी इकाई में बड़े पैमाने पर बदलाव किया जा रहा है. यूपी बीजेपी का पुनर्गठन विधानसभा चुनाव के मद्देनजर किया जा रहा है. यूपी बीजेपी में संगठनात्मक फेरबदल का लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था. यूपी के बीजेपी संगठन में बड़े पैमाने पर बदलाव होने की संभावना है. संकेत मिल रहे हैं कि अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी की क्षेत्रीय इकाइयों में पूरी तरह बदलाव किया जाएगा. इसके साथ राज्य में बीजेपी संगठन के शीर्ष नेतृत्व में भी करीब 50 फीसदी बदलाव देखने को मिलेगा.

**नए पदाधिकारियों की लिस्ट तैयार**- उत्तर प्रदेश में बीजेपी संगठन में फेरबदल को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी व राज्य महासचिव (संगठन) धर्म पाल सिंह से गहन चर्चा की है. सूत्रों के अनुसार, पंकज चौधरी ने राज्य इकाई में बदलाव से संबंधित सारी जानकारी पार्टी नेतृत्व को सौंप दी है. इस पर पार्टी जल्द ही अपनी औपचारिक मोहर लगा सकती है. यूपी बीजेपी इकाई में अध्यक्ष पंकज चौधरी और महासचिव धर्म पाल सिंह के अलावा 43 सदस्य हैं. इनमें 18 उपाध्यक्ष, सात राज्य महासचिव, 16 सचिव, एक कोषाध्यक्ष और एक सह-कोषाध्यक्ष शामिल है.

# अन्नामलाई के बयान ने बढ़ाई भाजपा की धड़कनें, नई पार्टी बनाने की अटकलें तेज

**चेन्नई.** तमिलनाडु में सरकार बदल गई है, लेकिन राज्य में सियासी हलचल अभी थमी नहीं है. इन दिनों बीजेपी के युवा नेता के अन्नामलाई काफी सुर्खियों में हैं. राजनीतिक गलियारों में ऐसी चर्चा चल रही है कि अन्नामलाई भाजपा से अलग होकर नई पार्टी बनाने जा रहे हैं.

कोयम्बटूर शहर में कई जगह उनके फोटो के साथ 'फियरलेस माइंड्स गेव नो लिमिट्स' का पोस्टर लगा है. इसके बाद से चर्चा चल रही है कि वे एक अलग राजनीतिक मंच बनाने जैसी कोई महत्वपूर्ण राजनीतिक पहल करने की तैयारी कर रहे हैं. विपक्ष द्वारा भी

मामले पर लगातार बयान दिया जा रहा है.

4 जून को अन्नामलाई के जन्मदिन से पहले प्रमुख सडक़ों और सार्वजनिक स्थानों पर 'हमारे नेता, आइए और हमारा नेतृत्व कीजिए' जैसे नारों वाले ये पोस्टर लगाए गए थे. इन पोस्टरों के लगने से तमिलनाडु के राजनीतिक हलकों में चर्चा छिड़ गई है. खासकर, भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और पार्टी नेतृत्व के कुछ वर्गों के बीच बढ़ते मतभेदों की खबरों के बीच.

**दिल्ली दौरे से चर्चा तेज**- दिल्ली रवाना होने से पहले अन्नामलाई से जब मीडिया ने एक नई पार्टी शुरू करने की अटकलों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, इंतजार करें. हम दो दिनों में बैठकर बात करेंगे.


## आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

Aadhar Housing Finance Ltd

**कार्पोरेट कार्यालय :**ऑफिस नं. 501 एवं 503, पाँचवी मंजिल, लाइटब्रिज, साकी विहार रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई सुबुरबन (जिला), महाराष्ट्र-400072
**इंदौर शाखा:** प्लॉट नंबर 4 एवं 5, शॉप नंबर 105, 107, 109, प्रथम मंजिल, शेखर सेंट्रल, पलासिया चौराहा, मनोरमागंज, ए.बी. रोड, इंदौर, मध्य प्रदेश -452001
**इंदौर पिपलियाहाना डायरेक्ट शाखा:** प्लॉट नंबर बी-1, तीसरी मंजिल, ग्रेटर ब्रजेश्वरी, स्कीम नं. 140, पिपलियाहाना, इंदौर, मध्य प्रदेश -452001

**ई-नीलामी - बिक्री सूचना**

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्ति के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। इसके द्वारा सामान्य रुप से सर्वसाधारण को और विशेष रुप से ऋणी(यों) एवं जमानतदार(ओं) को सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिसका कब्जा आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है', और 'जो कुछ भी है'** बिना किसी ज्ञात बाधा के आधार पर विक्रय किया जाएगा जिनका विवरण नीचे दिया गया है:-

| क्रं. | ऋणी(यो)/सह ऋणी(यो)/ जमानतदार | मांग सूचना दिनांक एवं राशि | अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य (RP) | बयाना जमा राशि (ईएमडी) (RP का 10%) | कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (लोन कोड नं. 00310001805 / इंदौर शाखा) आनंद मिश्रा (ऋणी) लीला बाई (सह-ऋणी) | 10-12-2024 & ₹ 22,47,798/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, ग्राउण्ड प्रथम मंजिल मकान नंबर 980/40 तेलीखेड़ा महू नीमच रोड के पास, वार्ड नंबर 11 महूगांव, इंदौर म.प्र. - 453441 **चतुर्सीमाएँ:-** पूर्व - गली, पश्चिम - जटा शंकर तिवारी का मकान, उत्तर - विजय मिश्रा का मकान, दक्षिण - रोड़ | Rs. 24,48,000/- | Rs. 2,44,800/- | भौतिक |
| 2 | (लोन कोड नं. 71710000150/ इंदौर पिपलियाहाना डायरेक्ट शाखा) पारस नामदेव (ऋणी) खुशबू नामदेव (सह-ऋणी) | 09-01-2026 & ₹ 8,86,067/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, प.ह.नं. 59/117, तलमंजिल (कंचन विहार के नाम से ज्ञात-4) हाउसिंग बोर्ड पिथमपुर वार्ड नं. 28, प्लाट नं. 412 बगदून धार मध्य प्रदेश 454775 **चतुर्सीमाएँ:-** पूर्व - इसी सर्वे की शेष भूमि, पश्चिम - मकान नं. 413, उत्तर - रोड़, दक्षिण - मकान नं. 477 | Rs. 6,75,000/- | Rs. 65,000/- | भौतिक |

**1.** केवाईसी, निविदा प्रपत्र एवं स्वीकृत नियम एवं शर्तों (निविदा दस्तावेज) के साथ बयाना राशि का डीडी जमा करने की अंतिम तिथि **22-06-2026 शाम 5:00 बजे** तक ऊपर उल्लिखित शाखा कार्यालय के पते पर या **https://bankeauctions.com** पर अपलोड की गई है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदा दस्तावेजों को अमान्य निविदा माना जाएगा और तदनुसार अस्वीकार कर दिया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। **2.** संपत्ति के लिए बोली/प्रस्ताव (नीलामी तिथि) खोलने की तिथि **23-06-2026 दोपहर : 03:00 बजे से 04:00 बजे तक https://bankeauctions.com** पर है। **3.** जैसा कि ऊपर बताया गया है, एएचएफएल संपत्ति पर लंबित किसी भी देनदारी के लिए जिम्मेदार नहीं है। संपत्ति की नीलामी **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो है वह है' के आधार पर** की जाएगी। **4.** डिमांड ड्राफ्ट केवल 'आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के पक्ष में बनाया जाना चाहिए। **5.** नीलामी/बोली केवल वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से 'ऑनलाईन इलेक्ट्रॉनिक बोली' के माध्यम से होगी। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने से पहले विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट देखें। **6.** इच्छुक बोलीदाताओं को **https://bankeauctions.com/registration/ signup,** लिंक के माध्यम से पोर्टल मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पर अपना नाम पंजीकृत करना चाहिए, और अपनी यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना चाहिए। संभावित बोलीदाता वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से ई-नीलामी पर ऑनलाईन प्रशिक्षण का लाभ उठा सकते हैं। **7.** अधिक जानकारी के लिए आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी, **दीपक मालवीय (संपर्क नंबर 7583898990 )** या सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, **श्री प्रभाकरन, मोबाईल नं. +91-74182-81709, ई-मेल: tn@c1india.com & support@bankeauctions.com,** फोन नं. **+917291981124 /25 /26** से संपर्क करें। आज तक, एएचएफएल/ एएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों को बेचने, हस्तांतरित करने और/या निपटान करने से रोकने वाला कोई आदेश और/या अदालती निषेधाज्ञा नहीं है। **8.** बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एएचएफएल), सुरक्षित ऋ णदाता की वेबसाइट यानी **www.aadharhousing.com** पर दिए गए लिंक को देखें। **9.** नीलामी के लिए बोली वृद्धिशील राशि **रु. 10,000/-** है। **10.** यह समाचार पत्र प्रकाशन एवं इसमें निहित डेटा आम जनता के प्रसार के लिए है। इस सामग्री का किसी भी रुप में या किसी भी माध्यम से, चाहे प्रिंट, डिजिटल, किसी भी रुप में इलेक्ट्रानिक प्रकाशन, ईमेल या वेब प्रकाशन, या किसी भी अन्य माध्यम से, संपूर्ण या आंशिक रुप से किसी भी तरह से पुनरुत्पादन, वितरण, प्रसारण या पुनर्प्रकाशन सख्त वर्जित है। किसी भी माध्यम से उपरोक्त सामग्री के किसी भी अनधिकृत उपयोग के परिणामस्वरुप AHFL द्वारा उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

**स्थान : मध्यप्रदेश**
**दिनांक : 03.06.2026**

**सही/- प्राधिकृत अधिकारी**
**आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**



## कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

**(जनकार्य विभाग)**

ई-मेल: jankarya.vibhag2023@gmail.com, फोन नं.:7440440233

**निविदा विज्ञप्ति क्र.:** 29/सिविल/26-27

**निविदा आमंत्रण**

**दिनांक:** 29.05.2026

केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Road & Bridge SOR/NONSOR, DATE 02-08-2021 पर आधारित) ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | टेंडर क्र. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_ 511333_1 | झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 14 के अन्तर्गत पल्हर नगर म.न. 74 से 65, म.न. 43ए से 52ए व बगीचे के पास गली का सीमेन्ट कांक्रीट करना। | 180 दिवस ₹27,80,934/- | ₹5,000/- ₹20,900/- | 29-06-2026 6.00 PM 01-07-2026 |

**नोट :** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

**कार्यपालन यंत्री**
**जनकार्य विभाग**
**नगर पालिक निगम, इन्दौर**



## सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
## Central Bank of India

क्षेत्रीय कार्यालय: प्लाट नं. 160-161, पीयू-4, सी-21 माल के पीछे, स्कीम नं. 54, ए.बी. रोड, इन्दौर

**आधिपत्य की जाहिर सूचना (अचल/चल संपत्ति बाबत्)**

**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया** के निम्न हस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रवर्तन करके निम्न ऋणगृहिताओं से मांग सूचना की दिनांक से **60** दिन की समयावधि में ऋण राशि अदा करने की अपेक्षा की गई थी। चूंकि ऋणगृहिताओं ने अदायगी में त्रुटी की है अत: ऋणगृहिताओं एवं जमानतदारों तथा सर्वसाधारण जनता को एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने नीचे वर्णित सम्पत्ति का आधिपत्य अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उपरोक्त नियमों के नियम 8 के अन्तर्गत दिनांक को सांकेतिक कब्जा प्राप्त कर लिया है ऋणगृहिताओं को विशेषत: तथा समस्त जनता को साधारणत: सतर्क किया जाता है कि इस सम्पत्ति के संबंध में कोई संव्यवहार न करें यदि कोई संव्यवहार किया गया तो वह **सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया** के ऋणगृहिताओं के समक्ष वर्णित राशि एवं ब्याज के चार्ज (प्रभार)के अधीन होगा ।

**अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के अनुसार बंधक संपत्ति को मुक्त करने के बारे में उपलब्ध समय के संबंध में ऋणियों का ध्यान आकर्षित किया जाता है।**

| क्रं. | शाखा का नाम | ऋणियों/जमानतदारों के नाम | मांग सूचना दिनांक / धारण दिनांक | अचल संपत्तियों का विवरण | ₹ बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुदामा नगर शाखा, इन्दौर | मेसर्स गौतम इण्डस्ट्रीज, प्रोप्रायटर: श्री गौतम भाटिया पिता आशिष भाटिया | 23.03.26 25.05.26 | मेसर्स गौतम इण्डस्ट्रीज, प्रोप्रायटर: श्री गौतम भाटिया पिता आशिष भाटिया, पता हाट मंदिर रोड, मांगलिया, जिला इन्दौर के यहां रखे हुए कागज के कप, प्लेट्स, ग्लास एवं पेपर एवं प्लास्टिक की वस्तुओं के तैयार, अर्द्ध-तैयार एवं कच्चे माल का दृष्टिबंधक मशीनरी का दृष्टिबंधक: हाई स्पीड पेपर कप मेकिंग मशीन (मॉडल-RDI-900) 4 किलोवाट के तीन सेट | 38,36,832.51 + ब्याज एवं अन्य खर्चे - वसूली, अगर कोई |

**स्थान: इन्दौर, दिनांक: 03.06.2026**

**प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया**